# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
## 4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001

फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724


संख्या 255 /XXV–12 /2008 (P–3)                    देहरादून : दिनांक 11 मार्च, 2016

सेवा में,

श्री राजेन्द्र प्रसाद, (अधिवक्ता),
C/O श्री राजेश गोयल,
कंसल स्टोर, 49– डी0एल0 रोड़,
देहरादून।

विषयः– **सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत चाही गयी सूचना के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक लोक सूचना अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय के पत्र संख्या 118 दिनांक 01 मार्च, 2016 के साथ संलग्न अपने सूचना अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित आवेदन पत्र दिनांक 20 फरवरी, 2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम सें सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत बिन्दु संख्या– 01 एवं बिन्दु संख्या 04 पर सूचनायें उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त आवेदन पत्र के माध्यम से वांछित दो बिन्दुओं की सूचना पर अवगत कराना है कि वांछित सूचना कार्यालय अभिलेखों के अनुसार उपलब्ध नहीं है अर्थात वांछित सूचना उपलब्ध कराई जानी सम्भव नहीं है।

यदि आप उपरोक्त उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं से सन्तुष्ट न हों तो विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख निम्न पते पर अपील प्रस्तुत कर सकते हैं:–

**विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं**
**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
**उत्तराखण्ड, 04–सुभाष रोड़,**
**सचिवालय परिसर, देहरादून।**

कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

धारा 6(3)
लोक सूचना अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय
4 बी, सुभाष रोड़, देहरादून
उत्तराखण्ड शासन।
दूरभाषः 0135–2712100 / 2712200

पत्र संख्याः 118 / 118–मु.स. / सू.अ. / 2016 दिनांकः 01 मार्च, 2016

लोक सूचना अधिकारी,
निर्वाचन / गोपन / चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

आवेदक का दिनांक **20.02.2016** का संलग्न सूचना का अनुरोध पत्र, जो लोक सूचना अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून में **29.02.2016** को प्राप्त हुआ है, आपको मूल रूप में इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि इसमें मांगी गयी सूचना आपके विभाग से संबंधित है। कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अनुसार वांछित सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस पत्र की प्रति अनुरोधकर्ता को सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

संलग्नः यथोक्त।

(दिनेश चन्द्र गैरोला)
लोक सूचना अधिकारी,

पृष्ठांकनः / नि.स.–मु.स. / सू.अ. / 2016 तद्‌दिनांकित।

प्रतिलिपि–श्री राजेन्द्र प्रसाद (अधिवक्ता) द्वारा श्री राजेश गोयल, कंसल स्टोर, 49–डी0एल0रोड़, देहरादून–248001 को सूचनार्थ। कृपया भविष्य में एक आवेदन पर एक या दो विभागों से संबंधित सूचना मागें। आप द्वारा मांगी गई सूचना इस कार्यालय में उपलब्ध नही है। अतः आपके आवेदन को संबंधित विभाग के लोक सूचना अधिकारी को अग्रसारित किया जा रहा है। कृपया प्रथम अपील संबंधित विभाग के प्रथम अपीलीय अधिकारी, निर्वाचन / गोपन / चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, उत्तराखण्ड शासन, 4, सुभाष रोड़, देहरादून को प्रेषित करें।

2. मुख्य लेखाधिकारी, इरला चैक अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन को इस अनुरोध के साथ कि कृपया संलग्न पोस्टल आर्डर सं0 756852 (रू0 10 / –) को राजकोष में जमा कराने का कष्ट करें।

8/3/2016
S.D.

(दिनेश चन्द्र गैरोला)
लोक सूचना अधिकारी / वरिष्ठ निजी सचिव,
मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड।

सेवा में,
श्रीमान लोक सूचना अधिकारी
मुख्य सचिव कार्यालय
देहरादून
(उत्तराखण्ड)

दिनांक
20.02.2016

विषय:- सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत अनुरोध-पत्र।

महोदय,

निर्वाचन 1-) उत्तराखण्ड शासन द्वारा गठन से अबतक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टी पर कितने रुपए खर्च किए गए है केवल वर्षवार आंकड़े उपलब्ध करें।

सा०प्र० 2-) उत्तराखण्ड शासन द्वारा वर्तमान समय में राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टी के पदाधिकारियों को किस-2 प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

3-) दिनांक:-15.09.2014 को अनुरोधकर्ता के द्वारा शिकायत-पत्र (विभागीय कारवाई न होने सम्बन्धी) मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन-देहरादून को सम्बोधित किया था। कृ. आप शिकायत-पत्र पर हुई कारवाई का विवरण, जाँच आख्या, निष्कर्ष आदि सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत देवें।

निर्वाचन 4-) उत्तराखण्ड राज्य में ऐसी कितनी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियाँ है जो आरटीआई एक्ट-2005 की धारा 2(h) के अंदर प्राधिकारी नामित है और उनके द्वारा लोक सूचना अधिकारी नामित किया है।

Date
20.02.2016

संलग्न
आई.पी.ओ. संख्या:-
33F-158852 (10/-)
मूल रूप में।

20.02.2016

राजेन्द्र प्रसाद (अधिवक्ता)
C/o. श्री राजेश कंसल
कंसल स्टोर, 49-डी०एल० रोड
देहरादून (248001).
मो०. 09897840458

দহ টকা দশ টাকা દસ રૂપિયા ಹತ್ತು ರೂಪಾಯಿ പത്തു രൂപ ਦਸ ਰੁਪਏ दहा रुपये ଦଶ ଟଙ୍କା दस रुपये दश रूप्यकाणि

अपरक्राम्य
NOT NEGOTIABLE

# भारतीय पोस्टल आर्डर
# INDIAN POSTAL ORDER

डाक महानिदेशक DIRECTOR GENERAL OF POSTS

PAY TO लोक सूचना अधिकारी मुख्य चिकित्सा कार्यालय को

दस रुपए की रकम THE SUM OF RUPEES TEN ONLY

₹ 10

कमीशन COMMISSION रुपया 1 RUPEE

प्रेषक अपना नाम और पता यहां लिख दें।
SENDER MAY FILL IN HIS NAME AND ADDRESS HERE

राजेन्द्र प्रसाद (अधिवक्ता) देहरादून

जारी करने वाले ISSUING OFFICE STAMP WITH DATE

इस आर्डर को रद्द करने वाले डाकघर की तारीख सहित मुहर PAYING OFFICE STAMP WITH DATE

सत्यमेव जयते

डाक टिकट
POSTAGE STAMPS

AT THE POST OFFICE AT
देहरादून
के डाकघर में अदा करें।

पोस्ट मास्टर POSTMASTER

इस लाइन के नीचे मत लिखिए DO NOT WRITE BELOW THIS LINE

33F 756852